www.amritvichar.com

# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , गुरुवार,16 अप्रैल 2026

सुविचार



"शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है, जिसका उपयोग आप दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं।"

-नेल्सन मंडेला

## बरेली के प्रमुख समाचार


- हिस्ट्रीशीटर सूची में गैंगवार वाला राजीव राणा भी शामिल-II
- विनम्र व्यवहार से आधा रोग हो जाता है समाप्त -III
- बरेली टॉपर ओम की कहानी बेमिसाल-IV


## सिटी ब्रीफ

### आरयूबी निर्माण के चलते कई ट्रेनों का मार्ग बदला

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के जोधपुर-फुलेरा रेलखंड पर मेड़ता रोड जंक्शन स्थित समपार फाटक 100 पर रोड अंडरब्रिज (आरयूबी) निर्माण के चलते ब्लॉक लिया जाएगा। इसकी वजह से मुरादाबाद मंडल से होकर संचालित कुछ ट्रेनों के मार्ग और समय में अस्थायी बदलाव किया गया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि 14888 बाड़मेर-ऋषिकेश विशेष ट्रेन का संचालन 24 मई को परिवर्तित मार्ग से किया जाएगा। यह ट्रेन जोधपुर-मेड़ता रोड-बीकानेर-लालगढ़ के स्थान पर जोधपुर-फलौदी जंक्शन-लालगढ़-बीकानेर मार्ग से चलेगी और फलौदी जंक्शन (पीएलसीजे) पर ठहराव दिया जाएगा।

### फोन नहीं उठाने पर जोनल हेड को नोटिस

**बरेली, अमृत विचार :** बिजली संबंधी शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर कार्यदायी संस्था के जोनल हेड को नोटिस जारी कर चेतावनी दी गई है। वहीं चीफ इंजीनियर (वितरण) ने भी शिकायतों के निस्तारण में देरी पर नाराजगी जताई है। चीफ इंजीनियर ज्ञान प्रकाश की ओर से मेसर्स इन्टेली स्मार्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर के जोनल हेड मोहम्मद लुकमान खान को नोटिस जारी कर चेतावनी देते कहा कि अधिकारियों व कर्मचारियों का दायित्व है कि वे जनप्रतिनिधियों और उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों का त्वरित समाधान करें।

## शहर में आज

- बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देगी दोपहर 12 :30 बजे।
- कला भारती सोसाइटी एवं चित्रकार संघ की ओर से यामिनी आर्ट गैलरी में राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का समापन दोपहर 12 बजे
- राम कथा सोमनाथ नाथ मंदिर प्रभात नगर में शाम 4 :30 से 8 बजे।
- बाबा श्री नीलकंठ मंदिर राजेन्द्र नगर में शिव महापुराण कथा का विश्राम व भंडारा दोपहर 12 बजे।
- श्री बांके बिहारी मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शाम 4 बजे से।

## सफलता से चमके, खिलखिला उठे चेहरे



सीबीएसई 10 वीं का परिणाम आने पर स्कूलों में जश्न का माहौल रहा। इस दौरान बीबीएल पब्लिक स्कूल में स्टूडेंट खुशी से झूम उठे। (संबंधित खबर पेज IV पर) ● अमृत विचार

# सड़क-सीवरेज को 70 करोड़ का विकास प्लान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नगर निगम ने बनाई खास योजना केन्द्र व राज्य से मिलेगा अनुदान

**अमृत विचार :** नगर निगम ने शहर के कायाकल्प के लिए 70 करोड़ रुपये का डेवलपमेंट एक्शन प्लान तैयार किया है। केंद्र और राज्य सरकार से मिले अनुदान से सड़कों, नालों और ड्रेनेज सिस्टम की सूरत बदली जाएगी।

मेयर डॉ. उमेश गौतम ने बताया कि इस कार्ययोजना को चार वैज्ञानिक चरणों में विभाजित किया है। पहले चरण में सटीक सर्वे और डीपीआर तैयार होगी, जिसके बाद दूसरे चरण में पारदर्शी टेंडर प्रक्रिया पूरी करने ठेकेदार का चयन किया जाएगा। तीसरे चरण में निर्माण शुरू होंगे और अंतिम चरण में गुणवत्ता की कड़ी जांच के बाद प्रोजेक्ट को पूर्ण घोषित किया जाएगा। हमारा लक्ष्य मानसून से पहले ड्रेनेज के बड़े काम पूरे करने का है। नगर आयुक्त संजीव कुमार ने बताया कि 70 करोड़ के प्लान की प्राथमिकता सूची में शहर के अस्पताल, स्कूल और भीड़भाड़ वाले व्यावसायिक क्षेत्रों को सबसे ऊपर रखा गया है। मुख्यमंत्री ग्रिड योजना और अन्य अनुदानों के समन्वय से यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए सड़कों का चौड़ीकरण भी इसी योजना का हिस्सा है। जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नालों का नए सिरे से निर्माण और सफाई की जाएगी। अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं कि हर सप्ताह कार्यों की प्रगति रिपोर्ट टेबल पर होनी चाहिए।

# निगम की नई चाल, पुराने बकाएदारों के घर लगेंगे निशान लाल

## टैक्स विभाग ने तैयार की हजारों लोगों की कुंडली, 10 साल पुराने मामलों में होगी सख्ती

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मई के पहले सप्ताह में शुरू होगा अभियान नोटिस भी चस्पा होंगे

**अमृत विचार :** वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति के बाद नगर निगम के टैक्स विभाग ने शहर के ऐसे हजारों करदाताओं की कुंडली तैयार कर ली है, जिन्होंने पिछले एक दशक से गृहकर जमा नहीं किया है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी ने बताया कि शहर में दो लाख से अधिक करदाता हैं, जिनमें से करीब लगभग एक लाख लोग ऐसे हैं, जिन्होंने 10 वर्षों से अधिक समय से टैक्स की अदायगी नहीं की है।

पीके द्विवेदी के मुताबिक लाल निशान लगाने के पीछे एक ठोस रणनीति है। अक्सर देखा गया है कि बकायेदार कुर्की या वसूली के नोटिस को घर के बाहर से हटा देते हैं, ताकि उन्हें सामाजिक शर्मिंदगी न झेलनी पड़े, लेकिन पक्का लाल निशान होने पर वह इसे आसानी से मिटा नहीं पाएंगे। इस कार्रवाई का उद्देश्य बकायेदारों को सार्वजनिक रूप से चिह्नित करना और उन्हें टैक्स जमा करने के लिए बाध्य करना है। लाल निशान के साथ ही घर के मुख्य द्वार पर बकाया राशि का नोटिस भी चस्पा किया जाएगा। बकाया जमा नहीं होता है तो नियमानुसार संपत्तियों की कुर्की और बैंक खाते फ्रीज करने की कार्रवाई की जाएगी।

### जीआरएम स्कूल में पंद्रह फीट तक अवैध कब्जा चिह्नित



**बरेली, अमृत विचार :** कोहाड़ापीर-कुदेशिया रोड के चौड़ीकरण को लेकर नगर निगम ने कमर कस ली है। अफसरों का कहना है जो निर्माण राह की बाधा बन रहे हैं, उन्हें 15 दिन में अतिक्रमण खुद हटाने को कहा गया है। इसके बाद निगम एक्शन लेगा और हर्जाना भी वसूलेगा। नैनीताल रोड पर जीआरएम स्कूल का गेट और बाउंड्रीवॉल का हिस्सा सहित कई प्रतिष्ठान चौड़ीकरण की जद में हैं और मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाली परियोजना के चलते में निगम के तेवर सख्त हैं। बीते दिनों कोहाड़ापीर से नैनीताल रोड तक नगर निगम की निर्माण विभाग की टीम ने कुल 386 छोटे-बड़े अवैध कब्जे चिह्नित किए हैं। इनमें जीआरएम के सामने वाली पट्टी पर स्थित करीब 80 दुकानदारों और भवन स्वामियों को 15 दिन का अंतिम नोटिस चस्पा किया गया है। सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण माने गए प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी होने के बाद हड़कंप की स्थिति नजर आ रही है। मंत्री, सांसद और विधायकों की सिफारिश भी काम नहीं आ रही। सोमवार को वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार के हस्तक्षेप पर निगम ने फिलहाल ध्वस्तीकरण रुक गया है। मंत्री ने अफसरों से कहा है कि सभी पक्षों के साथ बैठक कर कार्रवाई आगे बढ़ाई जाए। हालांकि, निगम के अफसरों का कहना है कि 15 दिन की नोटिस अवधि बीतने के बाद कार्रवाई फिर शुरू कर दी जाएगी। फिर चाहे वो स्कूल-बारातघर हों या अन्य प्रतिष्ठान, एक्शन समान रूप से होगा।

### आस्था का प्रतीक है कलम-दवात, बिना सहमति न हो कार्रवाई

**बरेली, अमृत विचार :** कोहाड़ापीर में स्थापित ''कलम-दवात'' प्रतीक चिह्न को लेकर सियासत गरमा गई है। सपा पार्षद गौरव सक्सेना ने नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य को पत्र लिखा है। जिसमें कहा गया है कि विकास के नाम पर इस धार्मिक प्रतीक को हटाने या चौक का स्वरूप बदलने की कोई भी एकतरफा कोशिश मंजूर नहीं की जाएगी। कहा कि व्यक्तिगत रूप से वे जनहित और यातायात व्यवस्था के सुधार के पक्षधर हैं, लेकिन इसके लिए पहले कार्ययोजना को सार्वजनिक कर आपसी सहमति बनाई जानी चाहिए। परिवर्तन से पहले उनके सुझावों को सुना जाए और समाज की आस्था का ख्याल रखा जाए। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने प्रतीक को हटाने से पहले विश्वास में लेने का पार्षद को आश्वासन दिया है।

### सरकारी संस्था की नीयत पर उठाए सवाल



**बरेली, अमृत विचार :** कोहाड़ापीर-नैनीताल रोड पर सड़क चौड़ीकरण को लेकर चस्पा किए नोटिस को लेकर रूहेलखण्ड उद्योग व्यापार मण्डल ने बुधवार को एक्सईएन राजीव राठी को ज्ञापन सौंपा। व्यापारी राजकुमार महरोत्रा, दिनेश चंद्र सक्सेना, मनोज कुमार आदि ने बताया कि निगम सन् 1920 के उस नक्शे को आधार बना रहा है जब शहर के इस हिस्से में जंगल हुआ करता था। कहा कि बीडीए की ओर से आवंटित और बेची गई संपत्तियां अतिक्रमण की जद में हैं, यह सीधे तौर पर सरकारी संस्था की ओर से जनता के साथ की गई धोखाधड़ी है। इसके लिए बीडीए अधिकारियों पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। व्यापारियों ने मांग की है कि सर्वे नगर निगम के बजाय पीडब्ल्यूडी के नक्शे से हो। उधर, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने साफ कर दिया है कि मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले इस प्रोजेक्ट में किसी भी सिफारिश या रसूख को जगह नहीं मिलेगी और नोटिस अवधि खत्म होते ही बुलडोजर गर्जना तय है।

> सड़क चौड़ीकरण जनहित और मुख्यमंत्री की प्राथमिकता से जुड़ी परियोजना है। सर्वे में जीआरएम स्कूल सहित कई रसूखदारों की ओर से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की पुष्टि हुई है। विकास की राह में कोई अड़चन नहीं होने दी जाएगी। सभी को तय समय में स्वयं अवैध निर्माण हटाने को कहा गया है। इसके बाद निगम बुलडोजर एक्शन शुरू कराएगा और इसका खर्च भी संबंधित पक्षों से वसूला जाएगा।
>
> – **संजीव कुमार**, नगर आयुक्त



# शहर में मेट्रो प्रोजेक्ट को जल्द मिलेगी रफ्तार



बीसलपुर चौराहे पर बनेगा पुल। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पीलीभीत रोड पर भी बनेंगे दो पुल, डिपो के लिए 20 एकड़ भूमि चिह्नित
- राइट्स की आपत्ति के बाद कार्ययोजना में सुधार कराया जा रहा

**अमृत विचार :** शहर में प्रस्तावित मेट्रो ट्रेन परियोजना के कार्य को रफ्तार देने के लिए पीलीभीत रोड को टेन लेन चौड़ीकरण करने के साथ बीसलपुर चौराहे व सौ फुटा तिराहे पर पुल बनाने की कार्ययोजना पर फोकस किया जा रहा है। कार्ययोजना फाइनल होने के बाद पीलीभीत रोड पर मेट्रो ट्रेन का रूट तय हो जाएगा। मेट्रो ट्रेन की डीपीआर रामगंगा नगर परियोजना को जोड़ते हुए तैयार की जा रही है।

कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी ने बताया कि मेट्रो ट्रेन की परियोजना को जल्द गति मिलेगी। इसके कार्यों की रफ्तार बढ़ाने के लिए डीपीआर तैयार कर रही राइट्स कंपनी ने जो आपत्ति दर्ज की है, उसके अनुसार कार्य कराया जा रहा है। पीलीभीत रोड पर सौ फुटा तिराहे और बीसलपुर चौराहे पर फ्लाईओवर बनाने का प्रस्ताव भी शामिल किया जा रहा है। इस रोड के दोनों प्रमुख चौराहे हैं और मेट्रो ट्रेन का रूट भी इसी मार्ग पर रहेगा, इसलिए ट्रैफिक के सुगम आवागमन के लिए पुल जरूरी है।

दरअसल, मेट्रो ट्रेन के डिपो के लिए 20 हेक्टेयर भूमि बीडीए की पीलीभीत बाईपास से लगी नई आवासीय टाउनशिप के पास बड़ा बाईपास पर चिह्नित की गयी है। फन सिटी के पास मेट्रो ट्रेन का जंक्शन भी बनाने की योजना है। कुछ माह पहले राइट्स कंपनी ने एयरफोर्स से एनओसी के लिए पत्राचार किया। चयनित भूमि एयरफोर्स से करीब ढाई किलोमीटर दूर है, इसलिए एयरफोर्स से एनओसी लेना जरूरी है। मेट्रो का करीब छह हजार करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट है। 22 किलोमीटर लंबा मेट्रो कॉरिडोर बनाने की योजना है। पहले रूट में रेलवे जंक्शन से चौकी चौराहा, गांधी उद्यान, सेटेलाइट बस अड्डा, बीसलपुर चौराहा, तुलसीनगर, रुहेलखंड विश्वविद्यालय, सौ फुटा रोड, फन सिटी तक मेट्रो ट्रेन संचालन भी प्रस्तावित है।

## माटीकला रोजगार योजना के लिए करें आवेदन

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के तहत 10 लाख रुपये तक के प्रोजेक्ट पर 25 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जाता है।

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि योजना के तहत बैंक के माध्यम से टर्म लोन उपलब्ध कराया जाएगा। जिसमें कुल प्रोजेक्ट लागत का 25 प्रतिशत हिस्सा उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड लखनऊ की तरफ से अनुदान के रूप में दिया जाता है। योजना में कुल्हड़, घड़ा, सुराही, गिलास, कटोरी, अचारदानी, कप-प्लेट जैसे घरेलू उपयोग के सामान के साथ ही फ्लोर टाइल्स, रूफ टाइल्स, पाइप, वॉश बेसिन जैसे सजावटी उत्पाद शामिल हैं।

## अवैध निर्माण पर बीडीए ने बरातघर को सील किया

- प्रवर्तन टीम ने तुलाशेरपुर में की कार्रवाई

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने बुधवार को तुलाशेरपुर में अवैध निर्माण पर रमा पैलेस बरातघर को सील कर दिया।

बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकन्डन ए के निर्देश पर सहायक अभियंता गजेंद्र शर्मा के नेतृत्व में अवर अभियंता अजीत कुमार साहनी ने अवैध निर्माण को सील करने की कार्रवाई की। पीलीभीत रोड स्थित तुलाशेरपुर में रमा गंगवार पत्नी कामता प्रसाद गंगवार ने करीब 670 वर्गमीटर क्षेत्रफल में रमा पैलेस बरातघर का निर्माण कराया। आरोप है कि उपरोक्त स्थल पर बिना बीडीए की स्वीकृति के अनधिकृत निर्माण कराया गया। इस पर बरातघर सील करने की कार्रवाई



की गयी। बीडीए ने आम जन को सचेत किया है कि संपत्ति खरीदते समय विक्रेता से मानचित्र स्वीकृति संबंधी अभिलेख मांग कर यह संतुष्टि कर लें कि संपत्ति नियमानुसार प्राधिकरण से स्वीकृत है या नहीं।

## जिसकी दी मिसाल, तोड़ दिया उसी का स्टॉल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बटलर प्लाजा के सामने 'अनन्या किचन' को उजाड़ने का मामला तूल पकड़ रहा

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस की अनन्या पांडे ने एक सड़क हादसे में गंभीर चोटें आने के बावजूद हार नहीं मानी और 'अनन्या किचन' के जरिए स्वावलंबन की मिसाल पेश की। वह नगर निगम की कार्रवाई के बाद से गहरे सदमे में हैं।

पिछले गुरुवार को बटलर प्लाजा के सामने अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान प्रवर्तन दल ने अनन्या के स्टॉल को बुलडोजर से पटक दिया था। अनन्या ने कार्रवाई के दौरान हाथ जोड़कर राजस्व निरीक्षक से चालान काटने की गुहार लगाई, लेकिन बदसलूकी करते हुए 25 हजार की पर्ची काटने की धमकी दी। जबकि कई अन्य दुकानदारों की महज एक हजार की रसीद काटी। आरोप है कि



उद्घाटन के दौरान मेयर डा. उमेश गौतम के साथ अन्यया। (फाइल फोटो)

जानबूझकर केवल उनके स्टॉल को बुलडोजर से चकनाचूर किया गया। हैरानी की बात यह है कि अनन्या के जज्बे के लिए मेयर डॉ. उमेश गौतम और राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडे उन्हें सम्मानित कर चुकी हैं। बहरहाल यह मामला सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। अनन्या ने बताया कि वह कई प्रतिष्ठित संस्थानों में नौकरी कर चुकी थीं, लेकिन एक साल तक बेड रेस्ट के बाद उन्होंने बड़ी हिम्मत से यह स्टार्टअप शुरू किया था। मामले के तूल पकड़ने पर मेयर डॉ. उमेश गौतम ने अनन्या को आश्वासन दिया कि उनके नुकसान की भरपाई की जाएगी और पहले से बेहतर स्टॉल बनवाकर दिया जाएगा। इधर, राजस्व निरीक्षण सच्चिदानंद ने आरोप को निराधार बताया। कहा कि कई अन्य स्टाल भी जब्त किए गए थे। टीम से अभद्रता किए जाने पर कार्रवाई की गई।

## विकास की बात

### छावनी बोर्ड बैठक में कई परियोजनाओं को दी गई हरी झंडी

# बीआई बाजार में बनेगी मल्टी-लेवल पार्किंग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** छावनी परिषद के नेहरू सभागार में बुधवार को सामान्य बोर्ड बैठक में क्षेत्र के विकास, स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कई अहम निर्णय लिए गए। मुख्य रूप से बीआई बाजार में मल्टी-लेवल पार्किंग को हरी झंडी दी गई। साथ ही जर्जर सुलभ कॉम्प्लेक्सों का ध्वस्तीकरण करते हुए ग्रीनरी पर विशेष जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष ब्रिगेडियर गगनदीप सिंह ने की।

बैठक में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को केंद्र में रखते हुए 20 टीपीडी क्षमता के वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट की स्थापना का प्रस्ताव रखा गया। स्वच्छता सर्वेक्षण



छावनी बोर्ड बैठक में मौजूद अफसर। ● अमृत विचार

2025-26 के तहत दीवार चित्रण अभियान चलाने और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम को और अधिक प्रभावी बनाने पर भी सहमति बनी। इसके अलावा प्लास्टिक अपशिष्ट से पावर ब्लॉक निर्माण इकाई स्थापित करने, वर्षा जल संचयन के लिए तालाब निर्माण और कार्बन सीक्वेस्ट्रेशन अध्ययन जैसे प्रस्तावों पर भी विचार किया गया। पीएनजी नेटवर्क को बढ़ावा देने के प्रयासों को भी पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया गया। छावनी अस्पताल और विद्यालयों के लिए एसी, फर्नीचर व अन्य उपकरणों की खरीद, अस्पताल प्रशासक की नियुक्ति और कर्मचारियों को एसीपी योजना का लाभ देने के प्रस्ताव भी शामिल रहे। इस दौरान सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, विधायक कैंट संजीव अग्रवाल, मुख्य अधिशासी अधिकारी डॉ. तनु जैन और नामित सदस्य डॉ. वैभव जायसवाल मौजूद रहे।

### डिजिटल सुविधाओं पर भी चर्चा

बैठक में डिजिटल सुविधाओं को बढ़ावा देने के तहत स्मार्ट स्वच्छता मॉनिटरिंग सिस्टम (स्मार्ट) सूचना चैटबॉट और व्हाट्सएप बॉट लागू करने पर भी चर्चा हुई। इन पहलों से छावनी क्षेत्र के निवासियों को आधुनिक और बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। अधिकारियों ने विश्वास जताया कि ये सभी निर्णय छावनी क्षेत्र को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और स्मार्ट बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

## शहदाना हॉस्पिटल के शत्रु संपत्ति पर होने की लखनऊ से शुरू हुई जांच

**बरेली, अमृत विचार:** राजस्व अधिकारियों की जांच में शहदाना हॉस्पिटल शत्रु संपत्ति की भूमि पर बना निकला। इस मामले में शत्रु संपत्ति अभिरक्षक के लखनऊ कार्यालय ने भी जांच शुरू की है। हॉस्पिटल को बचाने के लिए संचालक ने लखनऊ कार्यालय में तमाम दस्तावेज दिए हैं। इसके साथ मुम्बई स्थित कार्यालय से कुछ साल पहले आए रिकार्ड में भी गाटा संख्या की फाइल देखी जाएगी।

हजियापुर के शोएब मलिक ने जुलाई, 2025 में शहदाना हॉस्पिटल शत्रु संपत्ति की भूमि पर बने होने की शिकायत की थी। डीएम के निर्देश पर तीन सदस्यीय कमेटी ने जांच की। फरवरी में तहसीलदार सदर सहित अन्य अधिकारियों की रिपोर्ट एडीएम सिटी को भेजी गयी। जांच रिपोर्ट में यह बताया गया था कि हॉस्पिटल गाटा संख्या 224 व 226 की 0.0195 हेक्टेयर (194.81 वर्गमीटर) भूमि पर बना है, जो अभिलेखों में शत्रु संपत्ति के रूप में दर्ज है। हॉस्पिटल संचालक ने जांच टीम को जमीन के दो बैनामे दिखाए थे। जांच रिपोर्ट में यह बताया गया है कि यह शत्रु संपत्ति खतौनी फसली वर्ष 1425-30 में पाकिस्तान निवासी मोहम्मद उल्ला खां के छह बेटों के नाम दर्ज है। 17 अप्रैल 1987 को इंचार्ज शत्रु संपत्ति ने राजस्व अभिलेखों में इन छह लोगों के नाम खारिज कर जमीन शत्रु संपत्ति के रूप में दर्ज करने का आदेश जारी किया था जिसे कमिश्नर कोर्ट से कई साल पहले खारिज किया जा चुका है। इधर, शत्रु संपत्ति अभिरक्षक लखनऊ कार्यालय के सुपरवाइजर (रिटायर्ड एडीएम) सुनील सिंह ने बताया कि हॉस्पिटल संचालक ने तमाम कागजातों सहित अपनी बात कही है, उनके कागजातों को देख जांच होगी।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
19 अप्रैल 2026, रविवार
3 मई 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# हिस्ट्रीशीटर सूची में गैंगवार वाला राजीव राणा भी शामिल

## अब तक 375 : शहर से देहात तक एसएसपी अनुराग आर्या का कड़क एक्शन जारी, 17 और अपराधियों की खुलवाई एचएस, सख्त निगरानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

एसएसपी अनुराग आर्या अपने कार्यकाल में अपराधियों की सबसे ज्यादा 375 हिस्ट्रीशीट खुलवाने आईपीएस अफसर बन गए हैं। बुधवार को भी 'ऑपरेशन एचएस' रहा। पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्र में सक्रिय 17 और पेशेवर क्रिमिनल्स को हिस्ट्रीशीटर घोषित कर दिया। इन दागी चेहरों में सबसे चर्चित नाम पीलीभीत बाईपास पर गैंगवार में शामिल रहा राजीव राणा है। तीन दिन में 42 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खुलवाकर गहन निगरानी सूची में रख दिया गया है। इस कार्रवाई से क्रिमिनल बैंकग्राउंड वालों में हड़कंप मचा दिखाई दे रहा है।

पुलिस के अनुसार, हिस्ट्रीशीटर घोषित किया गया राजीव राणा 22 जून 2024 को थाना इज्जतनगर क्षेत्र में पीलीभीत बाईपास पर हुई गैंगवार के मुख्य आरोपी रहा है। शहर उस घटना को अभी भूला नहीं है, जब जमीन पर कब्जेदारों को लेकर दो अपराधी गुट आमने-सामने आ गए थे। अंधागुंध गोलियां चली थीं। टकराव की सूचना पर पुलिस पहुंची तो उसके सामने भी हमलावर पीछे नहीं हटे थे और बेखौफ होकर तांडव करते नजर आए थे। गोलीकांड में कई लोग घायल हुए थे। हाइवे पर देर तक अराजकता के हालात बने रहे थे। ट्रैफिक रुक गया था। दोनों ओर से चंबल घाटी की तरह मोर्चाबंदी होती नजर आई थी। आधे घंटे तक रूक-रूक 100 राउंड से अधिक गोलियां चली थीं। पड़ोस के अकेले एक मकान में 16 बुलेट धंसी नजर आई थीं।

पुलिस ने गोलीकांड को लेकर एक पक्ष के राजीव राणा, रोहित ठाकुर, रोहित, संजय, राजीव राणा के 20-25 साथी, दूसरे पक्ष के आदित्य उपाध्याय, अभिराज, आदित्य उपाध्याय के चौकीदार व अन्य साथियों के खिलाफ बलवा, आगजनी, हत्या का प्रयास, आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम की धारा के तहत केस दर्ज किया था। कई लोग गिरफ्तार कर जेल भेजे गए थे। शासन ने बरेली की घटना को देखते हुए कुछ ही दिन बाद ही तत्कालीन एसएसपी सुशील चंद्रभान घुले का यहां से ट्रांसफर भी कर दिया था। पुलिस-प्रशासन ने उसके बाद अपराधी गुटों की ढंग से खबर ली थी। ताबड़तोड़ गिरफ्तारियों के अलावा बुलडोजर एक्शन भी किया गया था। पकड़े गए आरोपी जेल से जमानत पर छूटते तो रहे मगर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी रही। एसएसपी अनुराग आर्या के सख्त अभियान का ही नतीजा है कि अब गैंगवार मामले का मुख्य आरोपी राजीव राणा भी हिस्ट्रीशीटर सूची में शामिल कर दिया गया है। सुरेश शर्मा नगर निवासी राजीव राणा के खिलाफ धोखाधड़ी और हत्या के प्रयास समेत 10 मुकदमे दर्ज चल रहे हैं। एचएस खुलने के बाद अब उसे थाने में समय-समय पर हाजिरी देनी होगी। साथ ही आरोपी राजीव राणा की पुलिस लगातार निगरानी करेगी।


आरोपी राजीव राणा।


बरेली पुलिस ने तीन दिन के अंदर क्रिमिनल रिकार्ड वाले 42 लोगों की हिस्ट्रीशीट खोली।

### हिस्ट्रीशीटर की लिस्ट में जोड़े गए नए चेहरों को पहचानें, इनकी क्रिमिनल हिस्ट्री भी जानें

- इज्जतनगर थाना क्षेत्र के खजुरिया घाट निवासी सलमान पर चोरी नकबजनी समेत अन्य मामलों के कोतवाली, बारादरी, इज्जतनगर, फरीदपुर, बिथरी चैनपुर थाने में 33 मुकदमे दर्ज हैं।
- इज्जतनगर थाना क्षेत्र के मोहरनिया गांव निवासी जगदीश पर आबकारी अधिनियम के तहत 9 मुकदमे इज्जतनगर थाने में दर्ज है।
- नेकपुर निवासी रोहित पर लूट और छिनैती समेत अन्य मुकदमे सुभाषनगर, फतेहगंज पश्चिमि, इज्जतनगर, कोतवाली में 6 मुकदमे दर्ज हैं।
- फतेहगंज पूर्वी के गांव इटौरिया निवासी सियानन्द उर्फ श्याम पर चोरी नकबजनी जैसे बरेली शाहजहांपुर और बदायूं के कई थानों में कुल 19 मुकदमे दर्ज हैं।
- फतेहगंज पूर्वी के सिघवा गांव निवासी कल्लू पर नकबजनी समेत अन्य मामलों में फतेहगंज पूर्वी, फरीदपुर, बिथरी चैनपुर, भोजीपुरा, शाही, देवरनिया में 32 अलग अलग मुकदमे दर्ज हैं।
- फतेहगंज पूर्वी के रम्पुरा कमन निवासी विनोद राठौर छेड़खानी और मारपीट समेत अन्य मामले फतेहगंज पूर्वी, फरीदपुर, शाहजहांपुर के कटरा, बारादरी थाने समेत अन्य थानों में 14 मुकदमे दर्ज है।
- पूर्वी के इटौरिया गांव निवासी रविन्द्र उर्फ राजू पर चोरी और नकबजनी के बरेली, शाहजहांपुर और बदायूं के विभिन्न थानों में 25 मुकदमे दर्ज हैं, समाज में उसकी दहशत देखी जाती है, कई बार उस पर पहले भी कार्रवाई हो चुकी है।
- हाफिजगंज के तिगरा गांव निवासी हरनाम सिंह पर आबकारी अधिनियम के तहत इज्जतनगर और हाफिजगंज थाने में 8 मुकदमे दर्ज है।
- कैंट थाना क्षेत्र के मिर्जापुर निवासी कल्लू उर्फ दुनका पर कैंट, फतेहगंज पश्चिमि, थाने में आबकारी के 7 मुकदमे दर्ज है।
- बारादरी थाना क्षेत्र के चकमहमूद निवासी जुनैद पर चोरी और नकबजनी के बिथरी चैनपुर, भोजीपुरा, फतेहगंज पूर्वी, मीरगंज, सुभाषनगर समेत अन्य थानों में 12 मुकदमे दर्ज है।
- बारादरी थाना क्षेत्र के ईट पजाया चौराहा निवासी इमरान उर्फ बम्बईया पर वाहन चोरी के प्रेमनगर और बारादरी थाने में 9 मुकदमे दर्ज है।
- बारादरी थाना क्षेत्र के ईट पजाया चौराहा निवासी वसीम उर्फ गन्ठी पर चोरी और मादक पदार्थ की तस्करी के बारादरी, भमोरा, कोतवाली और प्रेमनगर थाने में 12 मुकदमे दर्ज है।
- बारादरी थाना क्षेत्र के चक महमूद निवासी आफताब गद्दी पर मारपीट के पांच मुकदमे बारादरी थाने में दर्ज है।
- बारादरी थाना क्षेत्र के खुर्रम गौटिया निवासी शेखर पर हत्या समेत पांच मुकदमे बारादरी और कैंट थाने में दर्ज है।
- बारादरी थाना क्षेत्र के एजाजनगर गौटिया निवासी शाकिर पर गोकशी और अन्य मामलों के 9 मुकदमे बारादरी, भुता, बिथरी चैनपुर, हाफिजगंज, इज्जतनगर, बिशारतगंज में दर्ज है, पुलिस उसके खिलाफ पूर्व में कई बार एक्शन ले चुकी है।

> जिले में अपराधियों पर नियंत्रण के लिए आपराधिक इतिहास के आधार पर लगातार हिस्ट्रीशीट खोले जाने की कार्रवाई की जा रही है। एक बार जिस अपराधी की हिस्ट्रीशीट खुल जाती है, पुलिस हर 15 दिन में उसके बारे में जानकारी करती है। यक्ष एप के माध्यम से भी ऐसे आरोपियों की निगरानी की जाती रहती है। अभी तीन दिन के अंदर 42 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। – **अनुराग आर्य**, एसएसपी



## परिचालक ने महिला की ज्वेलरी-कैश लौटाया

**बरेली, अमृत विचार :** रोडवेज बस में छूटा ज्वेलरी व कैश से भरा महिला का पर्स परिचालक सुधीर कुमार ने ईमानदारी का परिचय देते हुए लौटा दिया। जानकारी के अनुसार, नगमा नाम की महिला बस में अपना पर्स भूल गई थी। उसमें सोने की दो अंगूठी और 9400 कैश था। परिचालक को सीट पर पर्स रखा मिला तो उन्होंने उसे अपने पास सुरक्षित रख लिया। बाद में जब महिला पर्स तलाशते हुए पहुंची तो पर्स वापस सौंप दिया। हर कोई परिचालक की ईमानदारी की तारीफ कर रहा है।

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

## लॉकअप से लंगड़ाता निकला शोहदा, मांगता दिखा माफी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **छात्रा से छेड़छाड़ कर साथ जाने का बना रहा था दबाव**
- **पुलिस ने तमंचे के साथ दबोचा आरोपी को भेजा गया जेल**

**अमृत विचार:** दूसरे समुदाय की युवती से छेड़छाड़ करके जबरन साथ चलने का दबाव बनाने के आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का वीडियो सामने आया है जिसमें वह हवालात से लंगडाते हुए निकलकर हाथ जोड़कर कह रहा है कि साहब माफ कर दो आगे से ऐसी गलती नहीं होगी। आरोपी के पास से पुलिस को एक तमंचा भी बरामद हुआ है।

इज्जतनगर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक छात्रा का अफसर उर्फ साहिल निवासी धौरेरा माफी थाना इज्जतनगर पीछा कर परेशान कर रहा था। रास्ते में रोककर छेड़खानी कर अश्लील कमेंट करता था। डर की वजह से छात्रा ने घर से निकलना बंद कर दिया था। उसने परिजनों को इसकी जानकारी दी। मंगलवार को परिजनों ने आरोपी साहिल को समझाने के लिए कंपनी गार्डन बुलाया था। वहां छात्रा को अकेला देख छेड़छाड़ कर जबरन कैंट क्षेत्र में चलने का दबाव बनाया। आसपास मौजूद छात्रा के परिजन और रिश्तेदारों ने उसे पकड़कर जमकर पीटा लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी फरार हो गया था।परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने मंगलवार की रात रेलवे जंक्शन के मनोरंजन सदन के पास से गिरफ्तार कर किया। उसके पास से तमंचा और कारतूस भी बरामद हुआ। आरोपी ने बताया कि वह बीकॉम है और राजमिस्त्री ठेकेदारी करता है। दूसरे समुदाय की युवती से एक तरफा प्रेम करता था। उससे वह दोस्ती करना चाह रहा था। तमंचा वह अपनी सुरक्षा के लिए रखता था। कोतवाली इंस्पेक्टर धनंजय पांडे ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया है।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## 10 लाख की रंगदारी न देने पर शिक्षक व पुत्र को अपहरण-हत्या की धमकी

**बरेली, अमृत विचार:** एक शिक्षक को रिश्तेदार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। 10 लाख रुपये की रंगदारी नहीं देने पर बेटे के अपहरण की धमकी भी मिली है। तहरीर के आधार पर सीबीगंज पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीलीभीत के थाना सेहरामऊ क्षेत्र निवासी एक युवक ने बताया कि वह इस समय परसाखेड़ा क्षेत्र के एक स्कूल में हिंदी का टीचर है और स्कूल के ही क्ववार्टर में रहता है। उसकी बहन का विवाह 2015 में शाहजहांपुर के बंडा थाना क्षेत्र के रहने वाले युवक से हुआ था। उसके बहनोई और बहनोई के पिता अपराधिक किस्म के हैं। उसकी बहन के साथ मारपीट और अत्याचार करते हैं। पुलिस आरोपो की छानबीन में जुटी है।

### शादी से इंकार करने पर तेजाब डालने की धमकी, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली युवती ने बताया कि वह परिवार के साथ तीन साल पहले दिल्ली की एक फैक्ट्री में काम करती थी। वहीं पर शेरगढ़ क्षेत्र के गांव ढकिया निवासी रिजवान भी काम करता था। आरोप कि रिजवान उस पर गलत नियत रखता था। वह उस पर शादी का दबाव बना रहा था। मना करने पर तेजाब डालने की धमकी देने लगा। दो साल पहले वह दिल्ली से घर लौट आई। इसके बाद भी रिजवान ने उसका पीछा नहीं छोड़ा। जबकि डेढ़ माह बाद उसका क्षेत्र के ही रहने वाले युवक से निकाह होना है। एसएसपी के आदेश पर बारादरी पुलिस ने रिजवान, अनोखी, अशरफ, तौसीफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अनमोल की मौत मामले में पति, सास-ससुर गिरफ्तार

- **फंदे पर लटका मिला था विवाहिता का शव**
- **छह लोगों पर दर्ज हुई थी दहेज हत्या की रिपोर्ट**

**बरेली, अमृत विचार :** थाना बारादरी क्षेत्र में विवाहिता अनमोल की संदिग्ध हालात में हुई मौत को लेकर पुलिस ने आरोपी पति, सास और ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दहेज हत्या के मामले में पुलिस आगे की जांच-पड़ताल में जुटी नजर आ रही है।

लखीमपुर खीरी में थाना मैगलगंज के गांव धरमाखेड़ा निवासी संतोष कुमारी ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी अनमोल उर्फ कोमल की शादी 2021 में बरेली के मोहल्ला कटरा चांद खां निवासी आकाशदीप के साथ हुई थी। हैसियत के अनुसार, दान-दहेज दिया लेकिन ससुराली संतुष्ट नहीं हुए और एक साल बाद ही पैसों की मांग को लेकर अनमोल को प्रताड़ित करने लगे। मांग पूरी न होने पर आरोपी ससुरालियों ने उनकी बेटी की जान ले ली। एक दिन पहले संदिग्ध हालत में उसका शव पंखे से लटका मिला। पता होते ही खीरी से रोते-बिलखते मायकेवाले पहुंच गए। पुलिस ने मामले में आरोपी पति आकाशदीप, ससुर राजेश कुमार, सास कमलेश आदि ससुरालीजनों लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।। पति, सास व ससुर अरेस्ट भी कर लिए गए। अनमोल की मौत से मायकेवाले टूट गए हैं और बाकी आरोपियों की भी जल्द गिरफ्तारी कर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।


पुलिस हिरासत में आरोपी। ● अमृत विचार

## प्रेम विवाह करने वाली युवती ने जताया जान का खतरा

**बरेली, अमृत विचार:** प्रेम विवाह के बाद युवती ने परिजनों से अपनी और अपने ससुरालियों की जान का खतरा बताते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है। युवती ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर सुरक्षा की मांग की है।

बिथरी क्षेत्र के रामगंगानगर कॉलोनी चन्दपुर बिचपुरी निवासी खुशी ने बताया कि कॉलोनी के ही कृष्णा से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिवार के लोग शादी कराने के लिए राजी नहीं थे। उसने 10 अप्रैल को कृष्णा के साथ सीबीगंज के एक मंदिर में प्रेम विवाह करने के बाद कोर्ट मैरिज कर ली। बताया कि वह बालिग है और अपनी मर्जी से विवाह किया है।

## सैनिक के खाते से कट गए 1. 32 लाख रुपये

- **व्हाट्सएप पर एपीके फाइल इंस्टाल करते ही हुई ठगी**

**बरेली, अमृत विचार:** अवकाश पर घर आया सेना का जवान साइबर ठगी का शिकार हो गया। उनके व्हाट्सएप पर आई एपीके फाइल खोलने के बाद खाते से 1. 32 लाख रुपये कट गए। सीबीगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सीबीगंज थाना क्षेत्र के बल्ला कोठा गांव निवासी सोहनलाल सेना में है। अभी वह अवकाश पर घर आए हैं। सोहनलाल के अनुसार उनका बैंक खाता सीबीगंज की एसबीआई शाखा में है। खाते से उनके फोन में पेटीएम और फोन पे चल रहा है। 11 अप्रैल को उनके मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात कॉल आई। इसके बाद व्हाट्सएप पर एक एपीके फाइल भेजी गई जिसको उनके बेटे शिवम ने गलती से इंस्टाल कर दिया। इसके बाद उनके खाते से एक बार में 56 हजार, दूसरी बार में 25991 रुपये और तीसरी बार में 50500 रुपये समेत कुल एक लाख 32 हजार 491 रुपये कट गए।

## हादसों में युवक की मौत, दरोगा घायल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **कर्मचारी नगर चौकी के पास हुई दुर्घटना, चालक फरार**

**अमृत विचार:** अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि दरोगा व दो पुलिस कर्मी घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।


पंकज कुमार।

प्रेमनगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला भूड़ निवासी पंकज कुमार (42) रविवार रात साले के होटल से बाइक से घर लौट रहे थे। मिनी बाईपास स्थित कर्मचारी नगर चौकी के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक फरार हो गया। पंकज गंभीर हालत में काफी देर तक सड़क पर पड़े रहे। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान बुधवार सुबह उनकी मौत हो गई। पंकज प्राइवेट नौकरी करते थे। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है। वहीं सीबीगंज क्षेत्र में बुधवार सुबह पीआरबी 112 की गाड़ी एक इवेंट में जा रही थी। ठकुराइन गांव मोड़ के पास तेज रफ्तार डंपर ने पुलिस वाहन में टक्कर मार दी। हादसे में पीआरबी में तैनात सिपाही मनोज व नासिर अली घायल हो गए। चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। उधर, जिला फिरोजाबाद निवासी दरोगा रवीश कुमार (52) ने बताया कि वह पुलिस लाइन में तैनात हैं। मंगलवार को वह गाजीपुर जा रहे थे। रास्ते में पेशाब करने के लिए वाहन से उतरे। तभी अचानक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

सिटी ब्रीफ

## बाबा साहब के जीवन दर्शन पर संवाद आज

बरेली, अमृत विचार : भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर गुरुवार को बरेली कॉलेज में युवा संवाद कार्यक्रम होगा। महाविद्यालय की शैक्षिक सांस्कृतिक परिषद की सचिव प्रो. नीलम गुप्ता के संयोजन में होने वाले सेमिनार में मुख्य वक्ता अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष योगेश बंटी रहेंगे। मीडिया प्रभारी एसी त्रिपाठी ने बताया कि प्राध्यापक और विद्यार्थी बाबा साहेब के जीवन दर्शन पर विचार साझा करेंगे।

## युवा संसद में रुविवि के दीपांशु व सुनैना छाए

बरेली, अमृत विचार : एमजेपीआरयू के सांस्कृतिक केंद्र के दीपांशु दीप व सुनैना सक्सेना ने दिल्ली विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय युवा संसद में शानदार प्रदर्शन किया। कुलपति प्रो. के.पी. सिंह, कुलसचिव हरीश चंद ने बधाई दी।

# विनम्र व्यवहार से आधा रोग हो जाता है समाप्त

## रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हास्पिटल के नवागत पीजी छात्र- छात्राओं का अभिविन्यास कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्रत्येक मरीज से मिलेगा नया सीखने को: डॉ केशव अग्रवाल
- चिकित्सक और मरीज में तालमेल जरूरी: डा. लता अग्रवाल

अमृत विचार : रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हास्पिटल के सभागार में बुधवार को स्नातकोत्तर पाठयक्रम सत्र 2025 के नवागत छात्र- छात्राओं के तीन दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल ने कहा कि आने वाला समय आप सभी के लिए अत्यंत चुनौतियों से भरा है। आपको पाठयक्रम के तहत विभिन्न प्रकार के मरीज व बीमारियां देखने को मिलेंगी। प्रत्येक मरीज से कुछ नया सीखने को मिलेगा। आपका विनम्र व्यवहार मरीजों का आधा रोग समाप्त कर देता है, इसलिए प्रत्येक मरीज का उपचार धैर्य व विनम्रता से करना है।

उन्होंने अपने पीजी पाठ्यक्रम के समय को साझा करते हुए कहा कि किस प्रकार उन्होंने कठिन परिश्रम कर सर्जरी की उपाधि को प्राप्त किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामनी की। बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति डा. लता अग्रवाल ने कहा कि चिकित्सक और मरीज के बीच सही संवाद व तालमेल बहुत महत्वपूर्ण है। इससे डाक्टर की प्रशंसा व मरीज का डाक्टर पर विश्वास बढ़ जाता है। उन्होंने पीजी उपाधि को ब्रह्मास्त्र के समकक्ष बताते हुए कहा कि जिस प्रकार ब्रह्मास्त्र के गलत प्रयोग के बाद स्थिति को पूर्ववत नहीं किया जा सकता उसी प्रकार गलत उपचार के बाद स्थिति पूर्ववत नहीं की जा सकती। इसलिए आपको रोग को ठीक से समझने के बाद ही उपचार करना चाहिए। प्रधानाचार्य डॉ. रजनीश पठानिया ने छात्र- छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए आगामी तीन साल तक कठिन परिश्रम करने के लिए कहा। संचालन पैथोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. नितेश मोहन, फार्माकोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शालिनी चंद्रा एवं कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि कत्याल ने किया। डॉ. वेद प्रकाश, डॉ. कंचन डालमिया, डॉ. मिथिला बिष्ट, डॉ. अग्रिवेश, डॉ. गौरी सारस्वत, डॉ. अभिनव श्रीवास्तव, डॉ. इरम शेफाली, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान आदि डाक्टर और पीजी छात्र मौजूद रहे। इससे पहले कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, कुलपति डॉ. लता अग्रवाल, डॉ. चीना गर्ग, डायरेक्टर स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम डॉ. शरद सेठ एवंधानाचार्य डॉ. रजनीश पठानिया ने दीप प्रज्ज्वलन किया।



कार्यक्रम को संबोधित करतीं बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल।

## स्लीप एपनिया के उपचार में दंत चिकित्सकों की अहम भूमिका

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : स्लीप एपनिया, विशेषकर ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया (ओएसए), ऐसी स्वास्थ्य समस्या है जिसमें सोते समय सांस का रास्ता बार-बार बंद हो जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार इस समस्या का संबंध मुंह, जीभ और जबड़े की संरचना से भी होता है, इसलिए दंत चिकित्सकों की भूमिका इसकी पहचान और उपचार में महत्वपूर्ण है।

इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज के दंत विशेषज्ञ डॉ. विधिना पाटिल ने बताया कि दंत चिकित्सक जांच के दौरान कुछ विशेष संकेतों के आधार पर स्लीप एपनिया पहचान सकते हैं। इनमें छोटा या पीछे की ओर खिसका हुआ निचला जबड़ा, बड़ी या मोटी जीभ, ऊंचा और संकरा तालू, दांतों का घिसना, जीभ पर दांतों के निशान और मुंह सूखने जैसी समस्याएं शामिल हैं। मरीज को आगे की जांच के लिए स्लीप स्टडी कराने की सलाह दी जाती है। दंत विशेषज्ञों के अनुसार ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया (ओएसए) में सोते समय सांस की नली बार-बार बंद हो जाती है, जिससे खर्राटे, नींद टूटना और दिनभर थकान जैसी समस्याएं होती हैं। डेंटिस्ट जांच के दौरान ऐसे कई संकेत पहचान सकते हैं। इलाज के तौर पर डेंटिस्ट विशेष ओरल एप्लायंस का उपयोग करते हैं। इनमें मेंडिबुलर एडवांसमेंट डिवाइस निचले जबड़े को आगे रखकर सांस का रास्ता खुला रखता है, जबकि टंग रिटेनिंग डिवाइस जीभ को पीछे जाने से रोकता है।

# नारी शक्ति वंदन के प्रचार को निकाली मातृ शक्ति स्कूटी रैली

कार्यालय संवाददाता, बरेली


स्पोर्ट्स स्टेडियम के पास मातृ शक्ति स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाते सांसद छत्रपाल गंगवार, विधायक कैंट संजीव अग्रवाल आदि। ● अमृत विचार

अमृत विचार : महानगर की ओर से नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रचार अभियान के अंतर्गत बुधवार को भव्य मातृ शक्ति स्कूटी रैली निकाली गयी।

स्कूटी रैली में रुहेलखंड यूनिवर्सिटी के साथ ही 19 डिग्री कॉलेजों की दो हजार से ज्यादा छात्राएं शामिल हुईं। स्कूटी रैली स्पोर्ट्स स्टेडियम से प्रारंभ होकर बरेली कॉलेज के पूर्वी गेट, गांधी उद्यान, चौकी चौराहा, सर्किट हाउस से होते हुए वीरांगना चौक पर समाप्त हुई। इस दौरान रैली में शामिल मातृ शक्ति का भव्य स्वागत किया गया। इससे पहले स्पोर्ट्स स्टेडियम के पास बुधवार सुबह 9 बजे सांसद छत्रपाल गंगवार, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने हरी झंडी दिखाकर स्कूटी रैली का शुभारंभ किया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यह रैली केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि महिलाओं की बढ़ती ताकत, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का प्रतीक है। रैली के माध्यम से मातृ शक्ति को नारी शक्ति वंदना अधिनियम-2023 के तहत जागरूक किया गया। अनिल सक्सेना एडवोकेट, डॉ तृप्ति गुप्ता, नीलम जेठा, लता बघेल, शालिनी जौहरी, गरिमा कमांडो, पूनम राठौर, सुधा सक्सेना, बबली पटेल, सीता पटेल, संतोष कश्यप, सरिता रानी, कमला कश्यप, डॉ. आदेश गंगवार, विष्णु शर्मा, राजीव साहनी, अजय चौहान, राधे गुर्जर, प्रभु दयाल लोधी, राज किशोर कश्यप, विपिन भास्कर, रितेश मोहन अग्रवाल, अमन सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

## निजी स्कूलों में एनसीईआरटी कोर्स की मांग, किसान एकता संघ ने किया पदर्शन

बरेली, अमृत विचार : निजी स्कूलों में एनसीईआरटी कोर्स को पूर्ण रूप से लागू करने और महंगी किताबें खरीदवाने वाले स्कूलों पर कार्रवाई की मांग को लेकर किसान एकता संघ ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. रवि नागर के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा को ज्ञापन सौंपा।

कहा कि एनसीईआरटी से अलग अन्य किताबों के दाम आसमान छू रहे हैं। गरीब, मजदूर एवं किसान अगर अपने बच्चों को अच्छे स्कूलों में नहीं पढ़ा पाएंगे तो उनका जीवन स्तर एवं बच्चों का भविष्य कैसे उज्ज्वल होगा। उन्होंने प्रीपेड मीटर लगाए जाने से भी लोगों में असंतोष फैलने की बात कही। बरेली बदायूं सिंचाई परियोजना को शुरू करने की मांग भी उठाई। यज्ञ प्रकाश गंगवार, पंडित राजेश शर्मा, गिरीश गोस्वामी, डॉ. अंशु भारती, दीपक पांडे, संजय पाठक, वीरेश भगत, संजय यादव, रणजीत पाल, नरेश गुर्जर, धनपाल, सुरेंद्र तिवारी, कमल श्रीवास्तव, प्रेमपाल गंगवार, राजेंद्र आदि मौजूद रहे।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में चलाया मिस्ड कॉल अभियान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बीआईयू में छात्रों-शिक्षकों ने संभाली कमान, चलाई जागरुकता मुहिम


पंपलेट चिपकातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

अमृत विचार : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के बीआईयू कॉलेज ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म एवं बीआईयू कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में बुधवार को विशेष मिस्ड कॉल अभियान की शुरुआत की गई। अभियान के तहत लोगों से 9667173333 नंबर पर मिस्ड कॉल देकर अपना समर्थन दर्ज कराने की अपील की जा रही है।

प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार सिंह ने कहा कि जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं सशक्त समाज और राष्ट्र का निर्माण होता है। विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। फोटोग्राफी का कार्य प्रवीण कुमार और अभिषेक राठौर ने संभाला। आचार्य अतुल बाबू, शालिनी सिंह, शिवानी मिश्रा, शिवांशु अग्निहोत्री, शिवम मिश्रा व चमन बाबू आदि मौजूद रहे।

## जागरुकता को निकाली रैली


स्कूटी रैली निकालतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार: नारी शक्ति वंदन अधिनियम जागरुकता अभियान के तहत बुधवार को फैकल्टी ऑफ फार्मेसी ने स्कूटी रैली निकाली। रैली कॉलेज परिसर से आसपास के क्षेत्रों में निकाली गई।

रैली के दौरानमहिला अधिकार, समानता एवं आत्मनिर्भरता से जुड़े नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। प्रतिभागियों ने सुरक्षित ड्राइविंग का संदेश भी दिया। कार्यक्रम का संचालन फैकल्टी ऑफ फार्मेसी के डीन डॉ. पुष्पेंद्र कन्नौजिया के मार्गदर्शन में किया गया। विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने कहा कि नारी सशक्तिकरण समाज की प्रगति का आधार है। ऐसी रैलियां न केवल जागरुकता बढ़ाती हैं, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनने के लिए प्रेरित करती हैं।

## मुस्लिम महिलाएं सियासत के दलदल से दूर रहें : शहाबुद्दीन

बरेली, अमृत विचार : ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने महिला आरक्षण बिल में संशोधन का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आधी आबादी को आरक्षण देकर उन्हें बराबर लाने का काम कर रहे हैं। मौलाना ने कहा कि कल और आज की सियासत में जमीन आसमान का फर्क है। 33 प्रतिशत आरक्षण से कोई भी महिला। सियासी मैदान में नेतृत्व कर सकती हैं, मगर मुस्लिम महिलाएं सियासत से दूर रहें तो ज्यादा बेहतर है।

## महिलाओं ने की प्रीपेड मीटर हटाने की मांग

बरेली, अमृत विचार : पोस्टपेड स्मार्ट मीटर को लेकर बने असमंजस के बीच शहर के हजियापुर, पुराना शहर समेत कई मोहल्लों की महिलाओं ने बुधवार को डीएम अविनाश सिंह के कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें प्रीपेड स्मार्ट मीटर हटाने की मांग करते हुए कहा कि देर रात अचानक बिजली काटी जा रही है इससे दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बेबी, मुन्नी, राजदा बेगम, साहना, अफसाना आदि का कहना है कि विद्युत विभाग की तरफ से लगाए गए प्रीपेड स्मार्ट मीटर उनके लिए परेशानी का कारण बन गए हैं।

## खानकाह-ए-वामिकिया के सज्जादानशीन का इंतकाल



बरेली, अमृत विचार : खानकाह-ए-वामिकिया के सज्जादानशीन सय्यद मोहम्मद मियां वामिकी अशरफी जिलानी का बुधवार को 80 साल की उम्र में इंतकाल हो गया।

उनके भतीजे सय्यद सलमान मियां से बरेली हज सेवा समिति के संस्थापक पम्मी खां वारसी ने फोन पर गम का इजहार किया। गुरुवार सुबह 8 बजे उन्हें सुपुर्द ए खाक किया जाएगा। दरगाह नासिर मियां पर सज्जादानशीन सय्यद मोहम्मद मियां वामिकी के लिए दुआ की गई। दरगाह के सूफी वसीम मियां साबरी नासरी, रिजवान साबरी, नन्ना मियां, सूफी कमाल मियां साबरी नासरी, शाहिद रजा नूरी आदि ने मगफिरत की दुआ की। आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने दुख का इजहार करते हुए कहा कि पीर सय्यद मोहम्मद मियां एक सूफी इंसान थे।

# यामिनी आर्ट गैलरी में चित्रकला प्रदर्शनी

कार्यालय संवाददाता, बरेली


यामिनी आर्ट गैलरी में कला प्रदर्शनी में पेंटिंग देखते कला प्रेमी। ● अमृत विचार

- विश्व कला दिवस पर 50 चित्रकारों को किया सम्मानित

अमृत विचार : विश्व कला दिवस के अवसर पर चित्रकार संघ बरेली भारती सोसाइटी की तरफ से युग वीणा स्थित यामिनी आर्ट गैलरी में चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह दिन महान चित्रकार लियोनार्दो दा विंची के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। देश के 10 राज्यों के 50 चित्रकारों की 70 कलाकृतियां प्रदर्शित की गईं।

प्रदर्शनी का उद्घाटन कैंट बोर्ड की सीईओ डॉ. तनु जैन और नगर निगम पार्षद व बरेली विकास प्राधिकरण के सदस्य राजेश अग्रवाल ने किया। डॉ. तनु जैन ने युवा चित्रकारों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि कामकाजी महिलाओं की कलाकृतियां विशेष रूप से प्रेरणादायक हैं। उन्होंने इस प्रदर्शनी की तुलना दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर से करते हुए इसे बरेली के लिए गौरवपूर्ण बताया। वरिष्ठ चित्रकार डॉ. महेंद्र कुमार सक्सेना ने कलाकारों की रचनात्मकता की प्रशंसा की। संचालन एवं संयोजन डॉ. अजय रघुवंशी ने किया।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Accreditations, Affiliations & Approvals

University Granta Commission of India | Medical Council of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Where there is rural well being there is University Prosperity | Uttar Pradesh State Medical Faculty

ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2026-27
CUET(UG/PG)-2026 Score Accepted

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| | **ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL** | | |
| 01 | M.Sc. Medical Anatomy | MBBS | 3 Year |
| 02 | M.Sc. Medical Biochemistry | MBBS | 3 Year |
| 03 | M.Sc. Medical Microbiology | MBBS | 3 Year |
| 04 | M.Sc. Pharmacology | MBBS | 3 Year |
| 05 | M.Sc. Physiology | MBBS | 3 Year |
| 06 | Diploma- Medical lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 07 | Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 08 | Diploma Radiotherapy Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| | **INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES** | | |
| 09 | Diploma in Dental Hygenist | 10+2 (PCB) | 2 Year |
| 10 | Diploma in Dental Mechanics | 10+2 (PCB) | 2 Year |
| | **BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY** | | |
| 11 | B. Pharm | 10+2 (PCB/PCM) | 4 Year |
| 12 | D. Pharm | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 13 | M. Pharm (Pharmaceutical Chem) | B. Pharm | 2 Year |
| 14 | M. Pharm (Pharmaceutics) | B. Pharm | 2 Year |
| 15 | M. Pharm (Pharmacology) | B. Pharm | 2 Year |
| 16 | M. Pharm (Pharmacognosy) | B. Pharm | 2 Year |
| 17 | Diploma in Pharmacy | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 18 | Bachelor of Pharmacy | 10+2 (PCB/PCM) | 4 Year |
| 19 | Diploma in Pharmacy | 10+2 (PCM/PCB) | 2 Year |
| | **FACULTY OF ALLIED & HEALTHCARE SCIENCES (PARAMEDICAL)** | | |
| 20 | Bachelor of Physiotherapy | 10+2 (PCB) | 5 Year |
| 21 | Bachelor Operation Theater Technician | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 22 | B.Sc. in Medical Laboratory Technician | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 23 | B.Sc. in Optometry | 10+2 (PCB) | 5 Year |
| 24 | B.Sc. in Radiological Imaging Techniques | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 25 | M.Sc. in Clinical Embryology | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 26 | Master of Physiotherapy (MPT) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 27 | Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 28 | Diploma in Medical Lab Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 29 | Diploma in X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 30 | Diploma in Dialysis Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 31 | Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 32 | Diploma in MRI Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 33 | Diploma in Radiotherapy Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 34 | Certification in Sanitation | 10+2 (PCB/PCM) | 1 Year |
| | **ROHILKHAND SCHOOL OF NURING/ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING** | | |
| 35 | B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 36 | Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| 37 | Nurse Practitoner in Critical Care Post Graduate Residency Program (NPCC) | B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursinng* | 2 Year |
| 38 | M.Sc. Nursing in Medical Surgical Nursing | B.Sc. Nursing | 2 Year |
| 39 | M.Sc. Nursing in Obsteric & Gynaecological Nursing | B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursinng* | 2 Year |
| 40 | M.Sc. Nursing in Child Health Nursing | B.Sc. Nursing | 2 Year |
| 41 | M.Sc. Nursing in Mental Health Nursing | B.Sc. Nursing | 2 Year |
| 42 | M.Sc. Nursing in Community health Nursing | B.Sc. Nursing | 2 Year |
| 43 | GNM | 10+2 with English | 3 Year |
| 44 | ANM | 10+2 | 2 Year |
| | **BIU COLLEGE OF MANGEMENT/HUMANITIES & JOURNALISM** | | |
| 45 | BBA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 46 | BBA (H) Finance & Taxation | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 47 | BBA (H) Business Intelligence & Data Analytics | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 48 | B. Com (Honors) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 49 | BCA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 50 | BCA (H) Information Technology & Multimedia | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 51 | BCA (H) Artificial Intelligence & Data Science | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 52 | BCA (H) Artificial Intelligence & Machine Lear. | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 53 | BA (Journalism/Mass Communication) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 54 | BJMC (H) Bachelor of Journalism & Mass Communication | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 55 | BMM (H) Bachelor of Mass Media | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 56 | MJMC Master of Journalism & Mass Comm. | UG Any Stream | 2 Year |
| 57 | MHA (Master in Hospital Administration) | UG Any Stream | 2 Year |
| 58 | MPH (Master in Public Health) | UG Any Stream | 2 Year |
| 59 | MBA | UG Any Stream | 2 Year |
| 60 | MCA | UG Any Stream | 3 Year |
| 61 | M. Com | UG Any Stream | 2 Year |
| 62 | MA (Political Science) | UG Any Stream | 2 Year |
| 63 | MA (Journalism) | UG Any Stream | 2 Year |
| 64 | MA (Mass Communication) | UG Any Stream | 2 Year |
| 65 | MA (English) | UG Any Stream | 2 Year |
| 66 | MA (Psychology) | UG Any Stream | 2 Year |
| 67 | MA (Sociology) | UG Any Stream | 2 Year |
| | **FACULTY OF FORENSIC SCIENCES** | | |
| 68 | B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCM/PCB) | 3 Year |
| 69 | M.Sc Forensic Science | Graduation in Sci. | 2 Year |
| | **FACULTY OF FINE ARTS** | | |
| 70 | Certificate in Photography | 10 Pass | 1 Year |
| 71 | Certificate in Cinematography | 10 Pass | 2 Year |
| 72 | Diploma in Cinematography (DIC) | 10 Pass | 2 Year |
| 73 | Diploma in Photography (DIP) | 10 Pass | 2 Year |
| 74 | Bachelor of Fine Arts (Film Making) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 75 | Bachelor of Fine Arts (Photography) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 76 | Master of Fine Arts (Photography) | UG Fine Arts | 2 Year |

Contact For More Information: 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153

Add.: Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly - 243006 (U.P.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

# छू लिया आसमां...



## होनहार बच्चे

### 98.4 प्रतिशत के साथ लकी सिंह बनी टॉपर

**बरेली, अमृत विचार :** आर्मी पब्लिक स्कूल कैंट का परिणाम शत- प्रतिशत रहा। 98 .4 प्रतिशत के साथ लकी सिंह स्कूल टॉपर रही। वहीं, 98 .2 प्रतिशत के



साथ सुप्रियो घोष दूसरे और 97 .4 प्रतिशत अंकों से शौर्य दूबे व सुशांत कुमार तीसरे स्थान पर रहे। विद्यालय चेयरमैन ब्रिगेडियर शशांक बहुगुणा, प्रधानाचार्या डॉ. सरिता सिरोही, उपप्रधानाचार्य नन्द किशोर माथुर ने शुभकामनाएं दीं।

### कॉम्पीटेंट पब्लिक स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बरेली, अमृत विचार :** कॉम्पीटेंट पब्लिक स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। जिसमें पहले स्थान पर इच्छा वर्मा, दूसरे पर फरहान और तीसरे पर आदित्य पांडे रहे। विद्यालय प्रबंधक विपिन अग्रवाल, डायरेक्टर प्रिया अग्रवाल, सहायक प्रबंधक डा. आरए शर्मा, प्रधानाचार्य डा. बीके शर्मा और उप प्रधानाचार्य नूतन सिंह ने ने खुशी जताते हुए बच्चों को बधाई दी।

### मदर्स पब्लिक स्कूल में पलक ने किया टॉप

**बरेली, अमृत विचार :** बदायूं रोड पर मदर्स पब्लिक स्कूल में सीबीएसई बोर्ड 10वीं कक्षा में पलक उपाध्याय ने 97 . 4 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल में टॉप किया है। दूसरे स्थान पर 96 . 6 प्रतिशत के साथ अनुष्का सिंह रही। तीसरे स्थान पर हर्षदेव झा और अकांक्षा सिंह ने 95 . 6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। इसके अलावा आरुष ने 95 . 4 प्रतिशत अंक और तेजस सक्सेना ने 95 . 2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। विद्यालय के प्रबंधक राजेश यादव ने सभी उत्तीर्ण छात्रों को बधाई दी है।

### आराध्या सिंह को मिले 97.2 फीसदी अंक



**बरेली :** क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी शैलेन्द्र सिंह की बेटी आराध्या सिंह जो कि डोहरा रोड स्थित जीआरएम स्कूल में कक्षा 10 की छात्रा हैं ने 97 .2 प्रतिशत अंक हासिल किए।

## एचओटीएस प्रश्नों ने बिगाड़ दिया गणित का समीकरण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- हायर आर्डर थिंकिंग स्किल ने बढ़ाई चुनौती, 96 अंक तक सिमटी टापर्स की दौड़

**अमृत विचारः** सीबीएसई हाईस्कूल की गणित परीक्षा ने विद्यार्थियों के लिए नई चुनौती खड़ी कर दी। छात्र गणित को स्कोरिंग सब्जेक्ट मानकर अच्छे अंक हासिल करने की उम्मीद रखते हैं, वहीं इस बार हायर आर्डर थिंकिंग स्किल (एचओटीएस) आधारित प्रश्नों ने उनकी रणनीति उलझा दी। परीक्षार्थियों का मानना है कि प्रश्नपत्र सामान्य स्तर से थोड़ा कठिन थे और इसमें अवधारणात्मक समझ की गहराई को परखा गया।

सीबीएसई समन्वयक ममता सक्सेना के अनुसार, इस बार प्रश्नपत्र का फोकस केवल रटने या फार्मूला आधारित सवालों पर नहीं था, बल्कि छात्रों की विश्लेषणात्मक क्षमता और तार्किक सोच को जांचने पर था। यही कारण रहा कि कई मेधावी छात्र भी अपेक्षित अंक नहीं ला सके। एचओटीएस प्रश्नों में छात्रों को एक से अधिक कान्सेप्ट को जोड़कर उत्तर देना पड़ा, जिससे समय प्रबंधन भी प्रभावित हुआ। जनपद में गणित विषय में मेधावी छात्रों के अधिकतम अंक भी 96 के आसपास ही सिमट गए, जबकि पिछले वर्षों में कई छात्र 98-100 तक अंक हासिल करते रहे हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि प्रश्नपत्र ने टापर्स की राह भी आसान नहीं छोड़ी।



परीक्षा परिणाम आने के बाद जश्न मनाते माधवराव सिंधिया के स्टूडेंट्स। ● अमृत विचार

## माधवराव सिंधिया में आदि और उत्कर्षी अग्रवाल टॉपर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** सीबीएसई 10वीं में माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। आदि कुलश्रेष्ठ और उत्कर्षी अग्रवाल ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से टॉप किया। विद्यालय के परिणामों में इस बार उल्लेखनीय सफलता देखने को मिली। 45 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। वहीं 125 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर बेहतर प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। प्रबंधन ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी इसी तरह मेहनत और अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

# बरेली टॉपर ओम की कहानी बेमिसाल

## डीपीएस छात्र को 99 प्रतिशत अंक, सेक्रेड हार्ट के कुशाग्र वर्मा - शौर्य मेहरोत्रा दूसरे स्थान पर

- मेहनत, टाइम-मैनेजमेंट और नियमित प्रैक्टिस को बताया सफलता का मंत्र : ओम सिंह

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार को कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया। बरेली के स्कूलों में जश्न का माहौल नजर आया। मेधावियों के चेहरों पर नई उड़ान की चमक दिखी।

दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) के छात्र ओम सिंह ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉप किया। कर्मचारी नगर निवासी ओम ने सोशल साइंस,



ओम सिंह को मिठाई खिलातीं मां। ● अमृत विचार

अंग्रेजी और एआई में 100 में से 100 अंक हासिल किए हैं। अमृत विचार से बातचीत में बताया कि नियमित पढ़ाई, स्पष्ट लक्ष्य और निरंतर अभ्यास ही सफलता की कुंजी है। स्कूल और कोचिंग के बाद वह रोजाना 3 से 4 घंटे पढ़ाई करते थे। उन्होंने रिवीजन और लिखने के अभ्यास पर विशेष ध्यान दिया। ओम ने बताया कि वह 12वीं में पीसीएम (भौतिकी, रसायन, गणित) लेंगे। ओम सिंह के पिता रेलवे में लोको पायलट थे, जिनका कोरोना काल में निधन हो गया था। उनकी माता मालती सिंह गृहिणी हैं।

जिले में दूसरे स्थान पर 98.4 प्रतिशत अंक के साथ सेक्रेड हार्ट स्कूल के छात्र कुशाग्र वर्मा और शौर्य मेहरोत्रा रहे। कुशाग्र ने बताया कि उन्होंने स्कूल के बाद घर पर छह घंटे पढ़ाई की और प्रैक्टिस पर विशेष ध्यान दिया। उनके एआई में 100 और गणित में 99 अंक आए हैं। वह जेई की तैयारी करना चाहते हैं। वहीं शौर्य ने विज्ञान विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए हैं। वह इंजीनियरिंग के क्षेत्र में जाना चाहते हैं। परिणाम के बाद छात्रों में उत्साह के साथ ही भविष्य को लेकर नई उम्मीदें हैं।

## पद्मावती सीनियर सेकेंडरी का शत-प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

**बरेली, अमृत विचारः** पद्मावती सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 10वीं के विद्यार्थियों ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में शानदार सफलता हासिल की है। विद्यालय के सभी 87 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। छात्रा अक्षिता गंगवार ने 92.6 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि सुहानी शर्मा ने 89.8 और अर्पित कुमार ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय के चेयरमैन पारुष अरोड़ा, प्रधानाचार्या ममता सक्सेना और प्रबंधन ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की की।

## बेदी इंटरनेशनल स्कूल के छात्र छात्राओं ने फहराया परचम

**बरेली, अमृत विचारः** बेदी इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई 10 वीं की परीक्षा में शत प्रतिशत सफलता प्राप्त की। इस साल 10 वीं की परीक्षा में 103 छात्र शामिल हुए। दुष्यंत ने 98. 2 प्रतिशत अंक लाकर पहला स्थान हासिल किया। अथर्व वारशे और अनमोल गंगवार ने 98 प्रतिशत अंक लाकर दूसरा स्थान हासिल किया। अदैत मोहन तिवारी ने 97. 2 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। चेयरमैन अमनदीप बेदी, प्रधानाचार्य जेके साहनी ने छात्रों को सफलता पर बधाई दी।

## जिंगल बेल्स के छात्रों ने किया गौरवान्वित

**बरेली, अमृत विचारः** सीबीएसई कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में जिंगल बेल्स पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

हम्माद अहमद ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, शिवांश साहू 98 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे और कुशाग्र दुबे 97.8 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहे। प्रत्युष रंजन और योगिता मान ने 97.4 प्रतिशत, कार्तिक नाथ गोस्वामी ने 97 प्रतिशत, वीर सिंह ने 96.8 प्रतिशत और अथर्व बघेल ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अग्रिम पटेल 96 प्रतिशत, आराध्य कोहली और श्रेया वर्मा 95.8 प्रतिशत, काव्या और स्वस्ति शर्मा 95.2 प्रतिशत सहित कई विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। विद्यालय के 20 से अधिक विद्यार्थियों ने 93 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधक समिति ने सभी सफल छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को बधाई दी।

## होनहार बिरवान



97 .4 प्रतिशत
आर्यन सक्सेना
बीबीएल



96 .4 प्रतिशत
प्रतिका सक्सेना
बीबीएल



96 प्रतिशत
समरकांत सिंह
बीबीएल



95 .17 प्रतिशत
अग्रिमा श्रीवास्तव
बीबीएल



97 .8 प्रतिशत
आदि कुलश्रेष्ठ
माधव राव सिंधिया



97 .8 प्रतिशत
उत्कर्षी अग्रवाल
माधव राव सिंधिया



95 .6 प्रतिशत
सुमित भट्ट
माधव राव सिंधिया



95 .2 प्रतिशत
मौली अग्रवाल
माधव राव सिंधिया



95 .2 प्रतिशत
नाविष्ठा
माधव राव सिंधिया



95 प्रतिशत
तृषा भटनागर
माधव राव सिंधिया



94 .8 प्रतिशत
भाव्या सिंह
माधव राव सिंधिया



93 .6 प्रतिशत
लक्ष्मी राना
माधव राव सिंधिया



97 .4 प्रतिशत
मो . अमान
डीपीएस



97 .8 प्रतिशत
सचिन
डीपीएस



97 .8 प्रतिशत
उन्नति वर्मा
डीपीएस



98 .2 प्रतिशत
सौभाग्य खंडेलवाल
डीपीएस



98 .4 प्रतिशत
हम्माद अहमद
जिंगल बेल्स



98 प्रतिशत
शिवांशु साहू
जिंगल बेल्स



97 .8 प्रतिशत
कुशांग्र दुबे
जिंगल बेल्स



87 प्रतिशत
मुल्तजम
विशप कोनार्ड



91 प्रतिशत
दीपांश शर्मा
दि गुरु स्कूल



97 .8 प्रतिशत
ध्रुविका शुक्ला
बीबीएल



94 प्रतिशत
अपेक्षा सक्सेना
बीएल इंटरनेशनल



96 प्रतिशत
अंश उपाध्याय
बीएल इंटरनेशनल



94 प्रतिशत
हर्ष दिवाकर
बीएल इंटरनेशनल



89 प्रतिशत
अर्पित
पद्मावती स्कूल



92 .6 प्रतिशत
अक्षिता
पद्मावती स्कूल



89 .8 प्रतिशत
सुहानी
पद्मावती स्कूल

**आवश्यकता है**
- नर्स ANM/GNM
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया/कैंटीन कुक/कैंटीन हेल्पर
- वार्ड बॉय/वार्ड आया

रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497

## सेक्रेड हार्ट्स में शौर्य और कुशाग्र बने टॉपर

**बरेली, अमृत विचारः** सीबीएसई बोर्ड की 10वीं की परीक्षा में सेक्रेड हार्ट्स स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शौर्य महरोत्रा और कुशाग्र वर्मा ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने गर्व व्यक्त किया। विद्यालय की निदेशिका राधा सिंह, डायरेक्टर निर्भय बेनीवाल एवं प्रधानाचार्या डॉ. उर्मिला वाजपेयी ने



परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन पर जश्न मनाते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि भविष्य में भी इसी तरह के उत्कृष्ट परिणाम की अपेक्षा की जाती है।

**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

**Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes July 2026 session in the following disciplines**
- Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Dental Sciences (All Specialities)
- Faculty of Management

**Application Fee**
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD

**Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026**

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee, visit university website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

## जीआरएम में शत-प्रतिशत रहा परिणाम, आद्या ने किया टॉप

**बरेली, अमृत विचारः** सीबीएसई 10वीं परीक्षा में जीआरएम नैनीताल रोड ब्रांच का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। आद्या चौहान ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वीर भोजवानी ने 98 प्, सिया आनंद, मिशिका दीक्षित, सक्षम अग्रवाल, अर्थ रंजन और अवनी गोयल ने 97.8 प्रतिशत अंक हासिल किए। इनके अलावा समग्र भारद्वाज और संभव सारस्वत ने 97.6 प्रतिशत, सार्थक कुमार, दक्ष सक्सेना, प्रभव कपूर और तनिश विरमानी ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। 47 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक और 90 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय प्रबंधक राजेश जौली और निदेशक त्रिजित अग्रवाल ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी।

## विद्या वर्ल्ड का बेहतरीन प्रदर्शन



खुशी मनाते बच्चे। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचारः** विद्या वर्ल्ड स्कूल का कक्षा 10 का रिजल्ट इस बार भी शत प्रतिशत रहा। धैर्य दीक्षित ने 97. 4 प्रतिशत अंक हासिल कर पहला स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर दीपांशु राठौर 94. 8 प्रतिशत और तीसरे स्थान पर उत्कर्ष सिंह ने 92. 6 प्रतिशत अंक हासिल किए। विद्यालय के प्रबंधक निदेशक रवि प्रकाश अग्रवाल, प्राचार्य डा. योहान कुंवर और उप प्राचार्य डा. संयोगिता चौधरी ने बच्चों को बधाई दी।

## सिटी डायरी

### श्रीराम की गाथा सभी के जीवन के लिए वरदान: दीपंकर



**बरेली।** बाल रामायण के रचयिता डॉ दीपंकर गुप्त ने बुधवार को जमुना प्रसाद मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल हजियापुर की बालसभा में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की जीवन गाथा के बारे में बच्चों को बताया। उन्होंने कहा कि श्रीराम की गाथा सबके जीवन के लिए वरदान है। ऐसी दिव्य कथा नई पीढ़ी को दिशा देने के लिए ज्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र तथा श्री हनुमान चालीसा की प्रतियां बांटीं। स्कूल परिवार को बाल रामायण भेंट की। प्रधानाचार्य प्रताप सिंह, टीचर पुष्पा कुमारी, कविता पटेल, ममता गंगवार ,बबली ,वैशाली ,संगीता नूरी एवं आयशा आदि उपस्थिति रहीं।

### महर्षि विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बरेली, अमृत विचार :** महर्षि विद्या मंदिर, बरेली के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। छात्रा अमृता त्रिपाठी ने 93 .6, दिव्यांशी कटियार ने 93 .4 और दिव्या यादव ने 89 .2 प्रतिशत अंक के साथ क्लास में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य आरएल सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य शैक्षणिक उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास है। शैक्षणिक प्रभारी सुभाष चन्द्र गुर्जर एवं समस्त स्टाफ ने सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



अमृता त्रिपाठी।



दिव्यांशी कटियार।



दिव्या यादव।

### हज ट्रेनिंग कैंप में दी अरकान अदा करने की जानकारी



**बरेली, अमृत विचार :** डॉ . अनीस बेग की तरफ से आयोजित विशेष ट्रेनिंग कैंप में हज यात्रियों को सही तरीके से हज के अरकान अदा करने कीजानकारी दी गई। हज कमेटी ऑफ इंडिया से जुड़े मुख्य प्रशिक्षक डॉ . जुल्फिकार, हज ट्रेनर हाजी मोहम्मद यासीन कुरेशी ने हज से संबंधित जरूरी मसाइल, अरकान-ए-हज, सफर के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां और हज की सही प्रक्रिया के बारे में बताया ताकि सभी हाजी अपने मुकद्दस सफर को बेहतर और आसान तरीके से पूरा कर सकें। हज ट्रेनर्स अब्दुल शाकिर, सरफराज अब्दुल हक अहमद साहब, तौफीक अहमद खान और हुरिया रहमान एडवोकेट, हज यात्रियों ने अधिक संख्या में पहुंचकर इस ट्रेनिंग कैंप का लाभ उठाया।

### श्री सोमनाथ मंदिर में राम जन्मोत्सव का भावपूर्ण वर्णन



**बरेली, अमृत विचार :** प्रभात नगर स्थित श्री सोमनाथ मंदिर में चल रही राम कथा के चतुर्थ दिवस आचार्य शंभू नाथ योगी महाराज ने भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव काभावपूर्ण वर्णन किया। आचार्य ने कहा कि भगवान राम का अवतार धर्म, सत्य और न्याय की स्थापना के लिए हुआ, जो मानव जीवन के लिए आदर्श प्रस्तुत करता है। इस अवसर पर मंदिर में राम जन्मोत्सव की सुंदर झांकी सजाई गई और भजन-कीर्तन के माध्यम से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया गया। कथा विश्राम के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में अमर सिंह, प्रवीन अग्रवाल, संजय चावला, महावीर अग्रवाल, रविंद्र शर्मा, आशुतोष गोयल सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे।

### इज्जतनगर रेल मंडल में डॉ. आंबेडकर की जयंती मनाई

**बरेली, अमृत विचार :** भारत रत्न डॉ . भीमराव आंबेडकर की जयंती पर इज्जतनगर मंडल रेल प्रबंधक सभा कक्ष में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा, अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार सहित विभिन्न शाखाओं के अधिकारी व कर्मचारियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर बाबा साहेब को नमन किया। वीणा सिन्हा ने डॉ . आंबेडकर को न्यायविद, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार के रूप में याद किया। वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी संदीप सिंह मौजूद रहे।